# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई-मेलः ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 14703 दिनांक : 21/08/2026

प्राचार्य/सचिव
समस्त सम्बद्ध राजकीय/निजी महाविद्यालय
जिला-सीकर एवं झुन्झुनू।

विषयः- सेमेस्टर के प्रोजेक्ट/सेमिनार/डेजर्टेशन के खर्च को न्यूनतम रखने बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विद्यार्थियों से लगातार ज्ञापन प्राप्त हो रहे है कि सेमेस्टर के प्रोजेक्ट/सेमिनार/डेजर्टेशन की तैयारी में उन पर अत्यधिक आर्थिक भार पड़ रहा हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसे गंभीरता से लेते हुए निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं:-

1. **न्यूनतम खर्च**:- प्रोजेक्ट, रिपोर्ट या मूल्यांकन सामग्री तैयार करने में न्यूनतम खर्च सुनिश्चित किया जाए। महंगी बाइंडिंग और सजावट के स्थान पर साधारण व किफायती तरीकों को अपनाया जाए।
2. **किफायती डिजिटल उपकरण**:- यदि किसी डिजिटल उपकरण या सॉफ्टवेयर का उपयोग अनिवार्य हो तो यह विशेष ध्यान रखा जाए कि वे अत्यंत महंगे नहीं, बल्कि पूरी तरह किफायती हों ताकि विद्यार्थी आसानी से उनका प्रबंध कर सकें।
3. **वेंडर की बाध्यता नहीं**:- विद्यार्थियों पर प्रिंटिंग, बाइंडिंग या अन्य सामग्री के लिए किसी विशेष या महंगे विक्रेता से कार्य करवाने का दबाव न डाला जाए।

कृपया इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें ताकि विद्यार्थियों को अनावश्यक आर्थिक परेशानी से बचाया जा सके।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक : 21/08/2026

क्रमांकः 14704-14706
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. उपकुलसचिव, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner